Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 26-07-2006

Participants : Singh Shri Sitaram

>

Title : Need to expedite the elelctrification work in villages under Sheohar, Sitamarhi and Motihari districts in Bihar under Rajiv Gandhi Gramin Vidyut Pariyojana.

श्री सीताराम सिंह (शिवहर) : उपाध्यक्ष महोदय, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत पूरे देश के गांवों का विद्युतीकरण करने की योजना है और उसी के तहत बिहार राज्य में भी ग्रामीण विद्युतीकरण की योजना दो वार्ों में पूरा करने की सरकार ने घोाणा की है। बिहार के कुछ जिलों का विद्युतीकरण का जिम्मा एन.एच.पी.सी. को दिया गया है। उनका पैसा भी दे दिया गया है और इन्हें पावरग्रिड वालों को दे दिया गया है। पावरग्रिड वालों ने गांवों का विद्युतीकरण करने की दिशा में कुछ कार्रवाई भी की है। लेकिन वहां काम बहुत धीमा है। मेरे लोक सभा क्षेत्र शिवहर, मोतिहारी और सीतामढ़ी के काम का जिम्मा एन.एच.पी.सी. को दिया गया है। इस काम को करने के लिए दो वार् का समय दिया गया था। अभी एक वार् समाप्त हो चुका है और केवल एक वार् और बचा है, लेकिन अभी तक एक भी गांव में एन.एच.पी.सी. ने विद्युतीकरण का काम शुरू नहीं किया है। यह काफी दुखद स्थिति है। सरकार की योजना के बारे में हमसे गांवों के लोग पूछते हैं कि योजना कहां चली गई। अभी संयोग से विद्युत मंत्री यहां उपस्थित नहीं हैं। अतः मैं आग्रह करना चाहता हूं कि इस योजना को धरातल पर उतारने और गांवों का शीघ्र विद्युतीकरण करने के बारे में सरकार तुरंत कार्रवाई करे।